पोर्टस भर्ती

1. 136 (आई) इंफेन्ट्री ब्रिगेड ग्रुप पोर्टर कम्पनी, 179 दिनों की अवधि के लिए संविदात्मक (अस्थाई) आधार पर निम्नलिखित सिविल मजदूरों (पोर्टस) को भर्ती करेगा:-

(क)	मेट और अन्य सिविलियन	-	55
(ख)	पोर्टर्स	-	520
(ग)	सफाईवाला	-	25
	कुल	-	600

2. पात्रता मानदण्डः-
   - (क) भारत का पुरुष नागरिक हो।
   - (ख) उसकी आयु 10 अप्रैल 2025 को 18 से 40 वर्ष के मध्य हो।
   - (ग) वह चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ हो तथा किसी संक्रामक रोग से ग्रस्त न हो। वह मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड/ प्रमाण पत्र धारक हो।
   - (घ) उसे कभी कोई कारावास नहीं हुआ हो (व्यक्तिगत द्वारा इस संबंध में स्थानीय पुलिस स्टेशन से चरित्र प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होगा)
3. पोर्टस का पंजीकरण ऑनलाईन होगा (https://himachalhillportercompany.org) की वेबसाइट पर नामांकन की तिथि से प्रारम्भ होकर 10 दिन तक मान्य रहेगा।
4. परीक्षा स्थान - अवैरी पाटी, रामपुर बुशहर जिला - कुल्लू (हिमाचल प्रदेश)
5. साक्षात्कार का समय - 10 अप्रैल 2025 से 16 अप्रैल 2025 को प्रातः 0800 बजे से 1400 बजे तक
6. प्रवेश पत्र आवंटित- 06 अप्रैल 2025
7. परीक्षाफल घोषित - 19 अप्रैल 2025 को किया जाएगा।
8. व्यक्ति द्वारा लाए जाने वाले अनिवार्य दस्तावेजः-
   - (क) जन्म व शिक्षा प्रमाण पत्र मूल और साथ तीन छाया प्रति लाना अनिवार्य होगा।
   - (ख) आधार कार्ड मूल और प्रवेश पत्र की 03 छाया प्रति लाना अनिवार्य होगा जो स्वयं द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित हो।
   - (ग) बैंक पासबुक मूल एवं साथ दो फोटो कॉपी (केवल स्टेट बैंक या पंजाब नेशनल बैंक)
   - (घ) जन धन बैंक खाता स्वीकार्य नहीं होगा।
   - (ङ) निवास प्रमाण पत्र मूल एवं एक छाया प्रति एवं चयन होन के पश्चात् 10 राजस्व टिकट लाना अनिवार्य है।
   - (च) मोबाइल नंबर अपना और अपने NOK देना अनिवार्य होगा।

   फोटोग्राफ
   - (i) व्यक्तिगत की फोटो (रंगीन) - 06
   - (ii) एन. ओ. के. (रंगीन) - 04
   - (छ) 01 जनवरी 2025 के पश्चात् राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र।
   - (ज) पुलिस स्टेशन से पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र, जो 01 फरवरी 2025 से पहले का न हो।
9. सुनिश्चित वेतन एवं भत्ता व अन्य सुविधाएं।
   - (क) वेतन व भत्ता:-

क्रम सं.	श्रेणी	मूल वेतन रुपए	डी. ए.	फील्ड भत्ता	कुल वेतन
(I)	मेट/बारबर/वॉशरमैन/कुक/टेलर/ ईक्यूपीटी रिपेयर/कारपेंटर/ इलेक्ट्रीशियन आदि	18,000/-	9540/-	2700/-	30,240/-
(ii)	पोर्टर	18,000/-	9540/-	2700/-	30,240/-
(iii)	सफाईवाला	18,000/-	9540/-	2700/-	30,240/-

नोट:- उपर्युक्त वेतन भारत सरकार के अनुसार महंगाई भत्ते और अन्य लाभों में परिवर्तन के अधीन है।

(ख) राशन:- व्यक्ति को ऑपरेशनल/फील्ड/मॉडिफाईड/फील्ड एरिया में सेवा के दौरान कम्बेटेंट सैनिकों के मापक के अनुसार पर निःशुल्क राशन प्रदान किया जाएगा।

(ग) चिकित्सा सुविधाएं:- व्यक्ति को कार्य के दौरान व्यक्तिगत चोटिल होने या गंभीर बीमारी से ग्रसित होने पर सैन्य व सिविल अस्पताल में केवल स्वयं के लिए निःशुल्क चिकित्सा उपचार प्रदान किया जाएगा।

(घ) अनुशासन:- संविदा अवधि के दौरान, वह व्यक्ति सेना अधिनियम व नियमों के अधीन होगा। और सैन्य संचालन की आवश्यकतानुसार 24 घंटे कार्य हेतु उपस्थित रहना होगा।

(ड़) कुछ ऐसे पद जो कि आर्टेसियन कंट्रक्शन, ऑपरेटर्स, कारपेंटर्स, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, वेल्डर, फिटर और निर्माण कार्य करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता दी जाएगी।

(च) साईबर सुरक्षा:- चयनित अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना अनिवार्य है कि उसे सेना सुरक्षा सम्बन्धी जो भी दिशा निर्देश प्राप्त होते हैं वह उनका अनुपालन करेगा व सेना की सूचना किसी भी सोशल मीडिया के साथ साझा नहीं करेगा। और किसी भी राष्ट्रविरोधी संस्था का हिस्सा नहीं बनेगा।

(छ) अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना पॉलिसी पहले ही की गई है और बीमा भुगतान की एक छाया प्रति अपने साथ लाना अनिवार्य होगा।